# राजभाषा मुद्रिका

तिमाही राजभाषा समाचार पत्र

**अंक : 47** **जनवरी-मार्च 2026**

**प्रधान संरक्षक**

**सुश्री काजल सिंह**

**मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल, कर्नाटक**

**संरक्षक**

**श्री हरिकृष्णा**

**संयुक्त आयुक्त, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु**

**संकल्पना और संपादन**

**श्री वाई. सुब्रह्मण्यम,**

**वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु**

---

## गणतंत्र दिवस 2026

दिनांक 26.01.2026 को 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुश्री काजल सिंह, मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल ने सीबीआईसी और सीबीडीटी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया ।

दिनांक 05.01.2026 को उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन हेतु नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-2), बेंगलूरु के अध्यक्ष से राजभाषा शील्ड प्राप्त करते हुए केंद्रीय कर, बेंगलूरु उत्तर पश्चिम आयुक्तालय के प्रधान आयुक्त श्री राजीव कुमार अग्रवाल एवं
प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी श्री वाई. सुब्रह्मण्यम

केंद्रीय कर, प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु अंचल द्वारा संयुक्त हिंदी दिवस के सुअवसर पर दिनांक 04.11.2025 को “निबंध लेखन” प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 05.01.2026 को आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही बैठक में केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय को स्मृति चिह्न से नवाज़ा गया। स्मृति चिह्न प्राप्त करते हुए केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय के सहायक निदेशक (राजभाषा) श्रीमती पद्मश्री बाबु तथा वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी श्री वाई. सुब्रह्मण्यम।

केंद्रीय कर, प्रधान आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु उत्तर पश्चिम आयुक्तालय द्वारा संयुक्त हिंदी दिवस के सुअवसर पर दिनांक 12.11.2025 को “टिप्पण एवं आलेखन” प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 05.01.2026 को आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही बैठक में केंद्रीय कर, बेंगलूरु उत्तर पश्चिम आयुक्तालय को स्मृति चिह्न से नवाज़ा गया। स्मृति चिह्न प्राप्त करते हुए श्री राजीव कुमार अग्रवाल, प्रधान अयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु उत्तर पश्चिम आयुक्तालय एवं प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी श्री वाई. सुब्रह्मण्यम।

## दक्षिण एवं दक्षिण पश्चिम क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन

दिनांक 20.01.2026 को राजभाषा विभाग द्वारा इंदौर में दक्षिण एवं दक्षिण पश्चिम क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया । समारोह की अध्यक्षता माननीय गृह मंत्री ने किया । जिसमें लगभग 7,000 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित थे । राजभाषा उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए विभिन्न कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रोलिंग शील्ड और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया था । इस सम्मेलन के दौरान राजभाषा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार रूप से विचार-विमर्श भी किया गया ।

केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल की मुख्य आयुक्त के अनुमोदन से इस कार्यालय अधिकारीगण उपस्थित थे । तथा केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के अधीन अन्य आयुक्तालयों के प्रधान आयुक्त/आयुक्त के अनुमोदन से उनके आयुक्तालयों में कार्यरत कुछ अधिकारियों ने भाग लिया।

दिनांक 20.02.2026 को अगरतला, त्रिपुरा संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन में भी इस अंचल के कुछ अधिकारियों ने भाग लिया ।

# हिंदी कार्यशाला

दिनांक 12.02.2026 को केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के समूचे कर्नाटक में कार्यरत वरिष्ठ निजी सचिव, निजी सचिव, आशुलिपिक ग्रेड-I एवं ग्रेड-II तथा अवर श्रेणी लिपिकों के लिए सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल द्वारा ऑनलाइन पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। पूर्वाहन के दोनों सत्र में एन.ए.एल., बेंगलूरु के सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक (राजभाषा) श्री पी.एस.आर. मूर्ति ने " *राजभाषा नीति एवं "तिमाही प्रगति रिपोर्ट"* विषय पर प्रकाश डाला। तथा अपराहन के दोनों सत्र में सी.ए.आई.आर., बेंगलूरु के सहायक निदेशक(राजभाषा) डॉ. एस.एन. महेश ने *"हिंदी ई-टूल्स का प्रयोग "* एवं *" हिंदी तिमाही प्रगति रिपोर्ट भरने "* पर प्रकाश डाला।






इस अंचल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की सामग्रियां हो तो, उन्हें इस समाचार पत्र के आगामी अंकों में प्रकाशन हेतु हमें bzpcco-hindi@gov.in ई-मेल पते पर संपर्क करें ।

**आपके बहुमूल्य सुझाव सादर आमंत्रित हैं ।**